# Bihar Board Class 6 Social Science Important Questions Civics Chapter 3 शहरी जीवन-यापन के स्वरूप

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
भारत में कितने शहर हैं?
उत्तर:
पांच हजार से अधिक।

प्रश्न 2.
भारत में कितने महानगर हैं?
उत्तर:
भारत में सत्ताईस महानगर हैं।

प्रश्न 3.
किन्हीं पाँच महानगरों के नाम लिखिए।
उत्तर:

- दिल्ली
- मुंबई
- चेन्नई
- कोलकाता
- अहमदाबाद।

प्रश्न 4.
सड़क पर काम करने वाले किन्हीं दो प्रकार के लोगों के नाम लिखिए।
उत्तर:

- फूल बेचने वाली
- सब्जी बेचने वाली।

प्रश्न 5.
काम करने वालों में कितने प्रतिशत सड़कों पर काम कर रहे हैं?
उत्तर:
12 प्रतिशत।

eVidyarthi

प्रश्न 6.
बजू मांझी कहाँ का रहने वाला है?
उत्तर:
ब मांझी बिहार का रहने वाला है।

प्रश्न 7.
अणू मांझी गांव में क्या काम करता था?
उत्तर:
वह गांव में मिस्त्री का काम करता था।

प्रश्न 8.
बलू मांझी ने गाँव क्यों छोड़ा?
उत्तर:
बय माँझी को गांव में लगातार सालभर काम नहीं मिलता था। इसलिए उसकी कमाई ले परिवार का जीवनयापन नहीं हो पाता था। इसलिए उसने गाँव छोड़ दिया।

प्रश्न 9.
शहर में वजू मांझी क्या करने लगा?
उत्तर:
शहर पहुंचकर वह रिक्श चालक का कार्य करने लगा।

प्रश्न 10.
'लेबर चौक' क्या है?
उत्तर:
लेबर चौक वह स्थान है जहाँ दिहाड़ी पर काम करने वाले लोग एकत्रित होते हैं और काम देने वाले की प्रतीक्षा करते हैं।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
सड़क पर व्यवसाय करने वालों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
उत्तर:
शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग सड़क पर व्यवसार करते हैं। यथा:

1. वे, फल और सब्जी, फूल आदि बेचते हैं तथा मरम्मत का कार्य करते हैं तथा कुछ सेवाएं प्रदान करते हैं।
2. वे स्वरोजगार में लगे हैं अर्थात् उनको कोई दूसर व्यक्ति रोजगार नहीं देता है।
3. उन्हें अपना काम स्वयं संभालाना पड़ता है।
4. वे माल खरीदने और दुकान लगाने के स्थान की स्वर योजनाएँ बनाते हैं।
5. उनकी दुकानें अस्थायी होती हैं।
6. उनके पास कोई सुरक्षा नहीं होती है।
7. हमारे देश में शहरी इलाकों में लगभग एक करोड लोग फुटपाथ और ठेलों पर सामान बेचते हैं।

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/

8. अभी हाल - फिलहाल तक गलियों और फुटपाथ पर इनके काम को यातायात और पैदल चलने वालों के लिए एक रुकावट की तरह देखा जाता था। लेकिन अब इसक सभी के लिए उपयोगी और आजीविका कमाने के अधिकार के रूप में देखा जा रहा है।

प्रश्न 2.
फुटपाथ व गलियों के व्यवसायियों के हितों के लिए सरकार द्वारा कौनसे कदम लिये जा सकते हैं?
उत्तर:
सरकार उस कानून को बदलने पर विचार कर रही है जिससे उन पर प्रतिबंध लगा हुआ था। कानून में बदला आने से उनके पास काम करने की जगह होगी और यातायात एवं लोगों का आवागमन भी सहज हो जायेगा। ऐसा सुझाव है कि शहरों में कुछ इलाके फुटपाथ और ठेलों पर सामान बेचने वालों के लिए तय कर दिए जाएं।

प्रश्न 3.
छोटे उद्योगों एवं फैक्ट्रियों को अस्थायी कर्मचारियों की क्यों आवश्यकता होती है?
उत्तर:
छोटे उद्योग एवं फैक्ट्रियों को कम निवेश तथा अधिक लाभ हेतु अस्थायी कर्मचारियों की आवश्यकता होती है किसी विशेष मौसम के दौरान या जब नियोक्ता को माल की आपूर्ति का कोई बड़ा ऑर्डर मिलता है, तो वे ऐसे कर्मचारियों को काम पर रख लेते हैं और जब खाली समय होता है तो वे उन्हें काम से हटा देते हैं। दूसरे, उनसे काम के समय से अधिक समय तक काम लिया जा सकता है। इन्हीं कारणो से छोटे उद्योगों और फैक्ट्री मालिकों को अस्थायी कर्मचारियों की आवश्यकता होती है।

https://www.evidyarthi.in/